हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 2 नवंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 बुंदेलखंड के विकास को मिली नई रफ्तार...



07 त्योहार पर ही दिखती है छापेमारी, साल भर मिलावट...



खबर संक्षेप

आरएन सैनी का निधन



सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विवि सागर की लाइब्रेरी के पूर्व कर्मचारी आर एन सैनी का रविवार को निधन हो गया है। अंतिम यात्रा सोमवार को सुबह 11 बजे निज निवास पुलिस लाइन मुख्य गेट के बाजू से गोपालगंज मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

12 दिसंबर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

सागर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री एम.के. शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार 12 दिसंबर को जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत मामले, बैंक एवं मनी रिकवरी संबंधी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम एवं रोजगार विवाद, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी शमनीय प्रकरण, वैवाहिक विवाद तथा दीवानी मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) प्रकरणों में ई-ट्रैफिक चालान, मनी रिकवरी, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी शमनीय मामले, दूरसंचार के बकाया लैंडलाइन एवं मोबाइल बिल तथा अन्य पात्र प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। नियमानुसार विद्युत प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में छूट भी प्रदान की जाएगी।

लेखा प्रशिक्षणार्थियों की विभागीय परीक्षा 29 नवंबर को

सागर। आयुक्त कोष एवं लेखा मप्र भोपाल के निर्देश पर लेखा प्रशिक्षण शाला के प्रशिक्षणार्थियों की विभागीय परीक्षा वर्ष 2026 का आयोजन 29 नवंबर को यूआईटी, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल में किया जाएगा। इस संबंध में प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला सागर ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार सागर संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुख नियमित रूप से लेखा प्रशिक्षण प्राप्त लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारियों के परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में तीन मूल प्रतियों में भरवाकर 13 अक्टूबर को शाम 6 बजे तक कार्यालय प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला सागर में स्वयं उपस्थित होकर जमा कराना सुनिश्चित करें। आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण जानकारी के लिए आवेदक एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

सुभाष नगर वार्ड को मिली 40 लाख के विकास कार्यों की सौगात

सागर। सुभाष नगर वार्ड में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी एवं नगर निगम अध्यक्ष व पार्षद वृंदावन अहिरवार ने 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। साथ ही 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले छह सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि निर्माण कार्य केवल एक माध्यम है, उनकी प्राथमिकता क्षेत्रवासियों की अपेक्षाओं को पूरा करना और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आस्था, संस्कृति और सनातन परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ सागर में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने वाले वरिष्ठजनों का आभार भी जताया।

71वें स्थापना दिवस पर संदीपनि विद्यालय में हुआ समारोह

किसानों, युवाओं और महिलाओं की मेहनत से आत्मनिर्भर बन रहा मध्यप्रदेश : मंत्री राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



किसानों, युवाओं और महिलाओं की मेहनत तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश विकासशील राज्य से विकसित राज्य की ओर अग्रसर है। कृषि, उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। यह बात खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने रविवार को मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस पर संदीपनि विद्यालय में आयोजित समारोह में कही।

सरदार पटेल के प्रयासों से हुआ मध्यप्रदेश का गठन

मंत्री राजपूत ने कहा कि मध्यप्रदेश की स्थापना 1 नवंबर 1956 को हुई थी। आज हम अपने प्रदेश का 71वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि लौह पुरुष के प्रयासों से देश का एकीकरण हुआ, जिसकी परिणति में मध्यप्रदेश का गठन संभव हुआ। मध्यप्रदेश को देश का हृदय प्रदेश और सागर को मध्यप्रदेश का हृदय कहा जाता है, जो हम सभी के लिए गौरव की बात है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश, उद्योग, स्टार्टअप और रोजगार के नए अवसर विकसित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उद्योग नीति के परिणामस्वरूप प्रदेश के साथ बुंदेलखंड में भी नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने किसानों के कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि समृद्ध खेती से ही किसानों की समृद्धि संभव है। मध्यप्रदेश स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और पेयजल सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। टाइगर स्टेट के साथ चीता स्टेट के रूप में भी प्रदेश ने अपनी अलग पहचान बनाई है।

सिंचाई और उद्योग से बदल रही बुंदेलखंड की तस्वीर : जैन

विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश के साथ सागर भी विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। शहर और जिले में सभी क्षेत्रों में विकास कार्य किए जा रहे हैं। बुंदेलखंड में सिंचाई के साधनों का विस्तार हो रहा है। सिंचाई परियोजनाओं और औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना से क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश में दलहन और तिलहन उत्पादन में अग्रणी है। पिछले रबी उपार्जन में समर्थन मूल्य पर गेहूं की रिकॉर्ड खरीदी हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

समृद्ध विरासत के साथ विकास की नई पहचान बना रहा सागर: महापौर

महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश इतिहास और संस्कृति का अनूठा संगम है। यहां की जनजातीय और आंचलिक संस्कृति प्रदेश की विशिष्ट पहचान है। सागर में भी समृद्ध विरासत के साथ विकास के कार्य हो रहे हैं। किसानों के खेतों तक पानी और बिजली पहुंच रही है। पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं और सड़कों का विस्तार किया जा रहा है। सागर उद्यम केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छ मध्यप्रदेश और स्वच्छ सागर बनाने में सहयोग करने तथा जल स्रोतों को स्वच्छ रखने की अपील की।

सात प्रगतिशील किसानों का हुआ सम्मान

स्थापना दिवस समारोह में कृषि क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने वाले सात प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। इनमें जैविक एवं प्राकृतिक तकनीक से दलहन की खेती, मक्का साइलेज इकाई की स्थापना, कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता, प्राकृतिक खेती, कृषक उत्पादक संगठन का गठन और जैविक आदानों के निर्माण जैसे कार्य करने वाले किसान शामिल रहे।सम्मानित किसानों में जैसीनगर के मढ़खेरा निवासी देवेंद्र पांडेय, रहली के अरविंद तिवारी, सागर के ढाना निवासी भूपेंद्र ठाकुर, शाहगढ़ के सिमरिया निवासी करण यादव, राहतगढ़ के पीपरा निवासी राहुल सिंह ठाकुर, जैसीनगर के कंकरकुइया निवासी हर प्रसाद पटेल और बीना के गुलउआ निवासी उमेश पटेल शामिल हैं।

क्विज विजेताओं को मिले आकर्षक पुरस्कार

किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व के तहत आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। मालथौन के छिरारी निवासी जय हिंद राजपूत को ट्रैक्टर, बीना के सेमरखेड़ी निवासी संदेश ठाकुर को बुलेट मोटरसाइकिल और खुरई के खिमलासा निवासी यश जैन को ई-स्कूटर पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया।



आचार्य विभव सागर के 101 साहित्य की प्रदर्शनी का विधायक जैन ने किया शुभारंभ

गौराबाई ट्रस्ट भवन में 1 से 15 नवंबर तक लगेगी साहित्य एवं आचार्य श्री की ससंघ चित्र प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कटरा स्थित श्री गौराबाई ट्रस्ट भवन में आचार्य भगवन विभव सागर महामुनिराज द्वारा रचित 101 साहित्य की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही आचार्य श्री की ससंघ चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई है। यह प्रदर्शनी 1 से 15 नवंबर तक श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों के अवलोकनार्थ खुली रहेगी।

प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने आचार्य श्री के ससंघ दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विधायक जैन ने कहा कि आचार्य श्री द्वारा रचित साहित्य ज्ञान, धर्म, अध्यात्म और जीवन मूल्यों का अनमोल खजाना है। संतों का साहित्य समाज को सही दिशा देने के साथ नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, जैन दर्शन, अहिंसा और संयम के मार्ग से जोड़ता है।आयोजन को सफल बनाने में प्रतीक शाहगढ़ एवं सुनील पड़वार का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संतोष घड़ी, अशोक वीर, राकेश चच्चा, अभय बरायठा, अशोक पिंडरुआ सहित अनेक धर्मप्रेमी एवं समाजजन उपस्थित रहे। आयोजकों ने नगरवासियों से 15 नवंबर तक गौराबाई ट्रस्ट भवन पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन करने की अपील की है।

बटनदार चाकू लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार तीन पुराने आपराधिक मामले भी दर्ज

सागर। सार्वजनिक स्थान पर अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक युवक को गोपालगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से लोहे का बटनदार धारदार चाकू बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक संजीव सिंहा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन में अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 31 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली कि तिली बाघराज वार्ड में एक युवक चाकू लेकर घूम रहा है। पुलिस टीम ने एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला के पास घेराबंदी कर युवक को पकड़ा। तलाशी में उसकी जेब से बटनदार चाकू बरामद हुआ। आरोपी की पहचान करन पटेल (20), निवासी तिली वार्ड के रूप में हुई। पुलिस ने चाकू जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध गोपालगंज और सिविल लाइन थाने में पहले से तीन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने नागरिकों से अवैध हथियार रखने और अशांति फैलाने वालों की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

13 दिसंबर को आयोजित होगी 'सागर ऑनर रन'

मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाए गए नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर में भारतीय सेना के आर्मी डे के अवसर पर 13 दिसंबर को सागर ऑनर रन मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रतिभा पाल द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। आयोजन को सुचारू और सफल बनाने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश कुमार गोमे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार गोमे सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाएं और तैयारियां सुनिश्चित करेंगे।

मैराथन की थीम रन फॉर हॉनर... रन फॉर नेशन!' है। मैराथन में 5 किमी के अलावा 10 किमी और 21 किमी की श्रेणियां शामिल होंगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं, पूर्व सैनिकों और नागरिकों में देशभक्ति, एकता और फिटनेस को बढ़ावा देना है।



मध्यप्रदेश स्थापना दिवसः मंत्री राजपूत ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

सागर। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों द्वारा निर्मित उत्पादों तथा 'एक जिला एक उत्पाद' योजना, कृषि विभाग और कल्याण वर्ष पर आधारित प्रदर्शनी सहित अन्य विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री राजपूत ने महिलाओं की उद्यमशीलता और स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की। मंत्री राजपूत ने कहा कि, ये उत्पाद न केवल आर्थिक स्वावलंबन का प्रतीक हैं, बल्कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत रखते हैं। सरकार की योजनाओं से महिलाएं सशक्त हो रही हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

मकान में छिपाकर रखे 52 हजार के पटाखे जब्त, आरोपी पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



त्योहारी और विवाह समारोहों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सागर पुलिस द्वारा अवैध पटाखों के भंडारण और विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में केसली पुलिस ने ग्राम सहजपुर में एक मकान पर दबिश देकर करीब 52 हजार रुपए कीमत के विभिन्न प्रकार के पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक संजीव सिंहा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया और नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि सहजपुर निवासी मिंटू उर्फ सौरभ जैन अपने मकान में बिना लाइसेंस पटाखों का भंडारण कर रहा है। थाना प्रभारी धर्मराज सिंह बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मकान की तलाशी ली। इस दौरान एक कमरे में रखी लोहे की पलंग पेटी से विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी मिंटू उर्फ सौरभ जैन (41) निवासी सहजपुर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 249/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 125, 288 एवं विस्फोटक अधिनियम की धारा 9(ख)(1)(ख) में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। आरोपी को धारा 35(3) बीएनएसएस के तहत नोटिस तामील कर वैधानिक रूप से पाबंद किया गया।पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि बिना वैध अनुमति के पटाखों का भंडारण और विक्रय न करें। ऐसी गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

सागर पुलिस की जिलेभर में कॉम्बिंग गश्त, 249 वारंटियों पर कार्रवाई

600 से अधिक पुलिसकर्मियों ने संभाला मोर्चा, 58 स्थाई और 191 गिरफ्तारी वारंटों की तामीली, 195 गुंडा-बदमाशों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने और लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की धरपकड़ के लिए सागर पुलिस ने 31 अक्टूबर की रात जिलेभर में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने एक साथ दबिश देकर 249 स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामीली और निराकरण की कार्रवाई की। इसके साथ ही 195 गुंडा-बदमाशों एवं हिस्ट्रीशीटरों की जांच की गई, जबकि 125 ढाबों और संदिग्ध स्थानों पर भी सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक संजीव सिंहा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन में अभियान संचालित किया गया। इसके लिए जिले के सभी अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस बल को ब्रीफ कर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरी रात अभियान की निगरानी की।

249 वारंटों की तामीली फरार आरोपी भी पकड़ा

अभियान के दौरान पुलिस ने 58 स्थाई वारंट और 191 गिरफ्तारी वारंटों की तामीली करते हुए कुल 249 वारंटों के विरुद्ध कार्रवाई की। इसके अलावा बीएनएसएस की धारा 170 के तहत चार प्रकरणों में कार्रवाई की गई। अन्य मामलों में एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो प्रकरणों में निरोधात्मक कार्रवाई की गई।

195 गुंडा-बदमाशों की जांच, 125 स्थानों पर दबिश

पुलिस टीमों ने जिले के 195 गुंडा एवं हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की भौतिक चेकिंग कर उनकी वर्तमान गतिविधियों की जानकारी जुटाई। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर 125 ढाबों एवं अन्य संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर जांच की गई। अभियान में 600 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी थाना क्षेत्रों में रातभर गश्त, दबिश और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई।

इन थानों में सबसे अधिक वारंटों पर कार्रवाई

थानावार कार्रवाई में बीना पुलिस ने 22, खुरई पुलिस ने 16, मोतीनगर पुलिस ने 19 और कैंट पुलिस ने 22 वारंटों की तामीली एवं निराकरण की कार्रवाई की।

आगे भी जारी रहेगा अभियान

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, फरार अपराधियों एवं वारंटियों की धरपकड़ तथा आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। इस तरह के कॉम्बिंग गश्त अभियान आगे भी जारी रहेंगे। अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपराध एवं अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



केंद्रीय जेल में लोक अदालत आयोजित बंदियों को दी विधिक जानकारी

न्यायाधीशों ने महिला वार्ड का किया निरीक्षण, बंदियों से संवाद कर बताई निःशुल्क कानूनी सहायता की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

केंद्रीय जेल सागर में विधिक साक्षरता शिविर एवं जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें जिला एवं अतिरिक्त न्यायाधीश समरेश सिंह, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त न्यायाधीश समीक्षा सिंह तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हितेशी भदौरिया उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीशों ने महिला वार्ड का निरीक्षण कर महिला बंदियों से उनके प्रकरणों, अपीलों और उपलब्ध विधिक सहायता की जानकारी ली। इसके बाद जेल के उद्योग परिसर में आयोजित लोक अदालत में बंदियों से संवाद कर उनके मामलों की स्थिति और संभावित कानूनी विकल्पों के बारे में बताया। जिला एवं अतिरिक्त न्यायाधीश समरेश सिंह ने कहा कि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी बंदी न्याय और विधिक सहायता से वंचित नहीं रहना चाहिए। प्रत्येक पात्र बंदी को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। लीगल डिफेंस काउंसिल की टीम ने भी बंदियों को कानूनी सहायता संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक रमेशचंद्र आर्य सहित जेल के अधिकारी-कर्मचारी एवं बंदी उपस्थित रहे। जेल अधीक्षक ने न्यायाधीशों के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्थापना दिवस पर हुआ जिला स्तरीय समारोह का आयोजन

बुंदेलखंड के विकास को मिली नई रफ्तार विधायक हरिशंकर ने गिनाईं उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय उत्सव भवन में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में प्रदेश की विकास यात्रा, बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत और जिले में संचालित विकास कार्यों को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। इस दौरान विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि बुंदेलखंड का शौर्य और वीरता इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। प्रदेश शिक्षा, जलापूर्ति, सिंचाई, ऊर्जा, परिवहन और अधोसंरचना सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्रगति कर रहा है।

विधायक हरिशंकर खटीक ने जिले में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि टीकमगढ़ जिला रेल संपर्क से जुड़ रहा है। बानसुजारा परियोजना के माध्यम से जिले के 183 गांवों में जलापूर्ति की जा रही है तथा भविष्य में अन्य क्षेत्रों तक भी इस परियोजना का लाभ पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए 1768 करोड़ रुपये की राशि से कार्य किए जा रहे हैं। इससे किसानों को सिंचाई के बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने और कृषि उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को



मजबूत करने के लिए थानों एवं पुलिस चौकियों का उन्नयन किया गया है। वहीं 4 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से छात्रावास भी स्वीकृत हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की नदियों को जोड़ने की परिकल्पना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखंड के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। इससे क्षेत्र में जल उपलब्धता बढ़ेगी और गांवों के साथ मजरा-टोलों तक पानी पहुंचाने में सहायता मिलेगी। विधायक हरिशंकर ने औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जतारा विधानसभा क्षेत्र में उद्योग संवर्धन के लिए 1000 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। इसके अलावा ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए जबलपुर से विद्युत लाइन जोड़ने तथा विद्युत स्टेशन की स्वीकृति से संबंधित कार्य भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले के विकास को नई गति मिलेगी और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश ने बीमारू राज्य की पहचान से निकलकर स्वर्णिम राज्य तक का सफर तय किया है। प्रदेश ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने जिले में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रदेश की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मध्य प्रदेश की भौगोलिक संरचना, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और विकास यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन प्रदेश की खुशहाली और आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

बुंदेली संस्कृति और देशभक्ति के रंग में रंगा समारोह

स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। शासकीय उच्चतर कन्या विद्यालय की छात्राओं ने हिंदुस्तान का दिल देखो गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। पीएमश्री हाई स्कूल अनंतपुरा की छात्राओं ने बुंदेली लोकगीत पर मनमोहक प्रस्तुति देकर स्थानीय संस्कृति की छटा बिखेरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 की छात्राओं ने मेरो प्यारो मध्य प्रदेश तथा पुष्पा हाई स्कूल की छात्राओं ने विजयी भवः गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। इसी क्रम में पीएमश्री शासकीय शिशु मंदिर की बालिकाओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कर दिया। विद्यालय की टीम ने तबला और हारमोनियम वादन से कार्यक्रम को संगीतमय बनाया। इसी विद्यालय की एक छात्रा ने मैं रहूं या न रहूं, भारत ये रहना चाहिए गीत की एकल प्रस्तुति दी।



शासकीय उत्कृष्ट छात्रावास में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शासकीय उत्कृष्ट छात्रावास में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं छात्रावास स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह के दौरान प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वहीं विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अनुशासन, स्वच्छता और रचनात्मक गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को नकद राशि

दूध उत्पादन में राधापुर की गाय रही अव्वल, जीता एक लाख का पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और पशुपालकों को उन्नत पशुपालन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के अंतर्गत दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में चयनित वृंदावन ग्रामों में आयोजित इस प्रतियोगिता में पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता में ग्राम राधापुर की गाय ने प्रतिदिन औसतन 13.480 लीटर दूध उत्पादन कर जिले में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल धाकड़ के मार्गदर्शन में 27 से 31 अक्टूबर तक जिले के तीन गांवों में प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके तहत विधानसभा टीकमगढ़ के ग्राम राधापुर, विधानसभा जतारा के ग्राम बम्हौरीकलां तथा विधानसभा खरगापुर के ग्राम डुम्बार को वृंदावन ग्राम के रूप में चयनित किया गया था। प्रतियोगिता का आयोजन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कृषि विभाग, जनपद पंचायत एवं पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की सहभागिता से निर्धारित मापदंडों के अनुसार पारदर्शी तरीके से कराया गया।

विकासखंड टीकमगढ़ के ग्राम राधापुर में आयोजित प्रतियोगिता में छह पशुपालकों ने सहभागिता की। इसमें मन्नू लोधी की गाय ने प्रतिदिन औसतन 13.480 लीटर दूध उत्पादन कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके लिए उन्हें एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वहीं दूधलाल पाल की गाय ने 9.493 लीटर औसत दुग्ध उत्पादन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें 50 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। इस ग्राम के तृतीय स्थान प्राप्त पशुपालक का विवरण उपलब्ध जानकारी में शामिल नहीं है। विकासखंड पलेरा के ग्राम बम्हौरीकलां में आयोजित प्रतियोगिता में आठ पशुपालकों ने अपनी गायों के साथ भाग लिया। यहां अनिल प्रजापति की गाय ने प्रतिदिन औसतन 8.873 लीटर दूध उत्पादन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। खेमचंद कुशवाहा की गाय ने 8.290 लीटर औसत दुग्ध उत्पादन कर दूसरा स्थान हासिल किया, जिसके लिए उन्हें 50 हजार रुपये प्रदान किए गए। वहीं महेश कुमार अहिरवार की गाय ने 7.110 लीटर औसत दूध उत्पादन कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्हें 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। विकासखंड बल्देवगढ़ के ग्राम डुम्बार में आयोजित प्रतियोगिता में सात पशुपालकों ने सहभागिता की।

कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की कार्रवाई

बिना रॉयल्टी गिट्टी ले जा रहा डंपर पकड़ा, खनिज विभाग ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में रविवार को खनिज विभाग की टीम ने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम गुजरायतन खास में बिना रॉयल्टी गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए एक डंपर पकड़ लिया। विभागीय टीम ने डंपर को जब्त कर पुलिस थाना बल्देवगढ़ की अभिरक्षा में रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार जिले में खनिज संपदा के अवैध दोहन और बिना वैध



दस्तावेजों के परिवहन की रोकथाम के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को खनिज अधिकारी विपुल रावत के नेतृत्व में खनिज अमले ने ग्राम गुजरायतन खास में आकस्मिक जांच की। इस दौरान एक डंपर में गिट्टी का परिवहन किया जा रहा था। जांच में परिवहन के लिए आवश्यक रॉयल्टी नहीं पाए जाने पर विभागीय टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर लिया। खनिज विभाग ने जब्त डंपर को पुलिस थाना बल्देवगढ़ की अभिरक्षा में रखवाया है। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई के लिए प्रकरण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कार्रवाई में नवनियुक्त खनिज निरीक्षक स्वास्तिक देशमुख सहित खनिज विभाग का अमला शामिल रहा। खनिज अधिकारी विपुल रावत ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

बस स्टैंड, बिजरावन तिगैला और मुख्य बाजार में दुकानदारों को दी सख्त चेतावनी

सड़क पर सामान फैलाया तो होगा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

दिगौड़ा कस्बे के बस स्टैंड, बिजरावन तिगैला और मुख्य बाजार में आए दिन लगने वाले जाम से अब आमजन को राहत दिलाने की कवायद शुरू हो गई है। सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा सामान फैलाकर किए जाने वाले अतिक्रमण के कारण यहां यातायात व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है। त्योहारों और शादी-विवाह के सीजन में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है तथा वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसकर परेशान होना पड़ता है। आगामी दीपावली त्योहार को देखते हुए पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन ने कस्बे को जाम मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में शनिवार और रविवार को प्रशासन की टीम ने बस स्टैंड, बिजरावन



तिगैला और मुख्य बाजार में पहुंचकर सड़क किनारे दुकानें लगाने तथा सामान फैलाकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को समझाइश दी। अभियान के दौरान सब्जी, फल, मोमोज, चाऊमीन, समोसा, भजिया, नाश्ता, चाय, कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें संचालित करने वाले दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपनी दुकानों का सामान सड़क तक न फैलाएं और दुकान के सामने की जगह खाली रखें। थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि कस्बे के प्रमुख मार्गों पर दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे सामान रख दिए जाने से आवागमन के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। इसके कारण दोपहिया और चारपहिया वाहनों के निकलने में परेशानी होती है। कई बार ग्राहकों के वाहन भी सड़क पर खड़े हो जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती है। दुकानदारों को निर्देशित किया गया है कि वे दुकान के सामने पर्याप्त जगह खाली रखें, ताकि ग्राहक अपने वाहन व्यवस्थित तरीके से खड़े कर सकें और यातायात बाधित न हो।

थाना प्रभारी ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि समझाइश के बावजूद यदि किसी दुकान का सामान दोबारा सड़क किनारे या आवागमन के रास्ते में पाया गया तो संबंधित दुकान के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर सड़क पर रखा सामान जब्त भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान बाजार में खरीदारों की संख्या बढ़ने से यातायात का दबाव भी अधिक रहेगा।

मारपीट के मामलों में लंबे समय से फरार वारंटी गिरफ्तार

टीकमगढ़। जिले के दिगौड़ा थाना पुलिस ने फरार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मारपीट के तीन अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को उसके निवास स्थान से पकड़कर विधिवत कार्रवाई के बाद जिला न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिगौड़ा थाना क्षेत्र में वर्ष 2021, 2022 और 2024 में मारपीट के तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे। इन मामलों में आरोपी पंकज दांगी पिता सुरेंद्र दांगी निवासी बम्होरी खास लगातार न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था और लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी की लगातार अनुपस्थिति के चलते जिला न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। न्यायालय से जारी वारंट की तामिली के लिए दिगौड़ा थाना पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से आरोपी के अपने गांव में होने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बम्होरी खास स्थित उसके निवास पर दबिश देकर आरोपी पंकज दांगी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे जिला न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष मिश्रा, प्रधान आरक्षक अजय शुक्ला, अभय वर्मा तथा आरक्षक अजीत सिंह और नीलू राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

गौमाता के सम्मान में बड़ा संकल्प, हर गांव से 3 हजार हस्ताक्षर और 20 गौभक्त जाएंगे भोपाल

कृषि मंडी के समीप मरई माता मंदिर में जुड़े गौसेवकों ने की संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने, गौ संरक्षण कानून लागू कराने और गौचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग को लेकर देशभर में संचालित गौ सम्मान आह्वान अभियान अब जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ रहा है। अभियान के तृतीय चरण के तहत टीकमगढ़ में गौसेवकों और क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के सरपंचों की महत्वपूर्ण संगोष्ठी आयोजित की गई। कृषि उपज मंडी के समीप स्थित मां मंशापूर्ण मरई माता मंदिर परिसर में पूज्य संत श्री चौकी वाले बाबाजी के सानिध्य में आयोजित इस बैठक में गौमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए गांव-गांव जनजागरण अभियान चलाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। बैठक में तय किया गया कि प्रत्येक गांव से 3 हजार हस्ताक्षर कराए जाएंगे और प्रत्येक गांव से 20 गौभक्त 4 दिसंबर को भोपाल पहुंचकर गौमाता के सम्मान में अपनी आवाज बुलंद करेंगे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और जनजीवन का अभिन्न अंग हैं, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि जिस गौमाता की पूजा और सेवा की परंपरा सदियों से चली आ रही है, वही आज सड़कों पर और दर-दर भटकने को मजबूर हैं। गौमाता की इस स्थिति में बदलाव लाने के लिए केवल व्यक्तिगत स्तर पर सेवा करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके लिए सामाजिक जागरूकता के साथ सरकार और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। वक्ताओं ने सभी समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया।







हर गांव से 3 हजार हस्ताक्षर, 20 गौभक्त भोपाल पहुंचेंगे- गौ सम्मान अभियान के तृतीय चरण के अंतर्गत आयोजित बैठक में 4 दिसंबर को भोपाल में होने वाले अभियान को सफल बनाने की विस्तृत रणनीति तैयार की गई। इसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत से 3 हजार हस्ताक्षर कराने तथा प्रत्येक गांव से कम से कम 20 गौभक्तों को भोपाल ले जाने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि अब समय केवल चर्चा करने का नहीं, बल्कि गौमाता के सम्मान के लिए संगठित होकर मैदान में उतरने का है। गांव-गांव और शहर के प्रत्येक वार्ड में हस्ताक्षर पत्रक तैयार कर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ा जाएगा। इस दौरान गौभक्तों ने गाय बचेंगी तो देश बचेगा, देश रहेगा तो सनातन रहेगा तथा जय गौमाता, जय गोपाल, 4 दिसंबर चलो भोपाल के नारों के साथ जनजागरण का आह्वान किया। पूज्य गुरुदेव चौकी वाले बाबाजी ने उपस्थित गौसेवकों को संदेश देते हुए कहा कि जो गाय का नहीं, वह किसी का नहीं। उन्होंने गौमाता के प्रति सम्मान और सेवा की भावना को समाज में मजबूत बनाने का संदेश दिया।

पार्षद हबीब राईन की गौसेवा बनी चर्चा का विषय- बैठक में वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद हबीब राईन की गौसेवा के प्रति भावना विशेष चर्चा का विषय रही। उन्होंने निरंतर गौसेवा करते रहने की बात कही। उपस्थित गौभक्तों ने उनके विचारों की सराहना करते हुए कहा कि गौसेवक किसी जाति या धर्म के मोहताज नहीं होते, बल्कि सच्ची गौसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। पार्षद हबीब राईन की भावना ने यह संदेश दिया कि गौमाता के सम्मान और संरक्षण का विषय किसी एक समाज या वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार देश के जनप्रतिनिधियों को सम्मान, अधिकार और सुख-सुविधाएं प्राप्त हैं, उसी प्रकार गौमाता को भी सम्मान, सुरक्षा और समुचित सुविधाएं मिलनी चाहिए। गौसेवा के प्रति पार्षद हबीब राईन के विचारों की उपस्थित लोगों ने मुक्त कंठ से सराहना की। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि गौमाता के संरक्षण के लिए सामाजिक समरसता और आपसी सहयोग के साथ सभी वर्गों को आगे आना चाहिए।

तृतीय चरण में जुटे गौभक्त पूरी ताकत से- गौ सम्मान अभियान के टीकमगढ़ जिला सहप्रभारी राहुल तिवारी ने कहा कि अभियान के प्रथम और द्वितीय चरण में अपेक्षित जनजागरूकता नहीं हो पाई थी, लेकिन तृतीय चरण में टीकमगढ़ जिले के गौभक्त पूरी तरह जागरूक और सक्रिय हो चुके हैं। अब जिले के प्रत्येक गांव से अधिकाधिक हस्ताक्षर कराए जाएंगे और बड़ी संख्या में गौभक्त 4 दिसंबर को भोपाल पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाकर जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे गौमाता के सम्मान की आवाज प्रदेश स्तर पर मजबूती से उठाई जा सके।

सरकार और जनप्रतिनिधियों से ठोस पहल की मांग

संगोष्ठी में वक्ताओं ने सरकार और जनप्रतिनिधियों से गौमाता के संरक्षण के लिए ठोस पहल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा के विधायक अपनी-अपनी विधानसभा में गौमाता के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करें तो प्रदेश में गौमाता की वर्तमान स्थिति में व्यापक सुधार लाया जा सकता है। एक वक्ता ने सुझाव दिया कि प्रदेश सरकार लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं को गौसेवा से जोड़ने की पहल करे। इसके लिए इच्छुक महिलाओं को एक गौमाता की सेवा के लिए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने और योजना की राशि में आवश्यक बढ़ोतरी करने पर विचार किया जा सकता है। वहीं एक अन्य वक्ता ने सुझाव दिया कि प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में गौसेवा को प्रोत्साहित करने का प्रावधान किया जाए, ताकि समाज का प्रत्येक वर्ग किसी न किसी रूप में गौमाता के संरक्षण से जुड़ सके।

आए दिन ओवरफ्लो होकर बहने वाली नालियां पछाड़ रही स्वछता सर्वेक्षण में

कुछ अमले की कमी से तो कुछ कमजोर इच्छा शक्ति से बिगड़ी सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर नगर पालिका में अमले की कमी और कमजोर इच्छा शक्ति शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव डाल रही हैं। जहां नगर पालिका में विभिन्न पदों पर अधिकारियों के टोटे होने से आरआई जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी चपरासी स्तर के कर्मचारियों को संभालना पड़ रही है वहीं नालों पर से अतिक्रमण नहीं हटाने के कारण गंदा पानी नालो के भीतर से निकलकर सड़कों पर बहता रहता है। यही नगर को स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार पिछड़ने का मुख्य कारण भी है।

शहर में आए दिन सोशल मीडिया पर साफ सफाई से जुड़ी अव्यवस्थाओं की पोस्ट डाली जाती रहती है जिसमें नालों और नालियों से पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने वाली पोस्ट अधिक होती है। पर क्या इसके लिए सिर्फ नगर पालिका ही जिम्मेदार है? अगर सच्चाई की तह में झांक कर देखा जाए तो इस अव्यवस्था के लिए नगर पालिका से अधिक जिम्मेदार वो वेपरवाह नागरिक दिखाई पड़ेंगे जिन्होंने नालियों के ऊपर इतना अतिक्रमण कर लिया है कि सफाई कर्मियों के लिए नालियां तक साफ करने के लिए जगह भी नहीं छोड़ी है। जिससे सफाई के अभाव में नाली और नालों से पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहता है और उस सड़क पर बहते नाले के पानी वाले फोटो वीडियो वही दुकानदार व तथाकथित पत्रकार अथवा तथा कथित समाजसेवी तथाकथित राजनेता सोशल मीडिया पर डालकर नगर पालिका की अव्यवस्थाओं को कोसते रहते हैं। इन दिनों विभिन्न त्योहारों के कारण बाजारों में भीड़ उमड़ रही है और इसी भीड़ के बीच जब कोई नाला बाजार में ओवर फ्लो होकर बहता है तो शर्मसार जिम्मेदारों को होना पड़ता है। पर समस्या का हल तभी निकलेगा जब नालों के ऊपर हो रहे स्थाई-अस्थाई अतिक्रमण स्थाई रूप से हटेंगे लेकिन राजनीतिक महत्वाकांक्षा रखने के चलते जनप्रतिनिधि इन अतिक्रमणों को वोट बैंक की राजनीति के चलते हटा नहीं पा रहे हैं जिसका खामियाजा नगरपालिका के सफाई कर्मियों को अतिरिक्त श्रम कर उठाना पड़ रहा है।



सफाई कर्मचारियों को करना पड़ रहा अतिरिक्त काम

हालांकि नगर पालिका ने जरूरत के अनुसार सफाई कर्मचारी भर्ती किए हुए हैं लेकिन शहरी क्षेत्र में नालों पर अतिक्रमण होने के कारण कर्मचारियों को अतिरिक्त श्रम भी करना पड़ रहा है। ऐसा कोई दिन बाकी नहीं जाता जब बाजार में या शहर के भीतर विभिन्न वार्डों में बने नाले ओवरफ्लो होकर सड़क न बहते हों। ऐसे नालो के ओवरफ्लो होने का मुख्य कारण नालो पर अतिक्रमण होना है अतिक्रमण नहीं हटाने के कारण सफाई कर्मचारी इन नालों के भीतर नहीं जा पा रहे हैं उधर जेसीबी मशीन भी अतिक्रमण के कारण नहीं काम नहीं कर पाती है जिससे सफाई कर्मचारियों को खुद नालो के भीतर उतर कर उन्हें साफ करना पड़ता है।

अमले की कमी से जूझती नगरपालिका

शहर में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ सभी सरकारी योजनाओं का क्रियांनवयन शहरी क्षेत्र में कराने वाली नगरपालिका दशकों से अमले की कमी से जूझ रही है। आज की स्थिति में नगरपालिका में स्वीकृत 285 पदों पर सिर्फ एक सेंकड़ा कर्मचारी ही सेवाएं दे रहे हैं, मूल पदों के मुकाबले पौने दो सो से अधिक कर्मचारियों की कमी का खामियाजा उन कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है जो वर्तमान में कार्यरत हैं। ऐसे कर्मचारियों को ड्यूटी समय के अलावा भी अधिक काम करना पड़ रहा है। हालात यह है कि चपरासियों से भी बाबूगिरी करवाई जा रही है। स्वीकृत पदों के मुकाबले सिर्फ 40 फीसद कर्मचारी ही पदस्थ है। हैं, करीब 60 फीसद पद खाली पड़े खाली पदों का काम भी उन कर्मचारियों को करना पड़ रहा है। जो वर्तमान में कार्यरत है। इसके चलते एक कर्मचारी को दो से तीन विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। उधर नो वर्क नो पेमेंट के समय समय पर जारी होने वाले फरमान के चलते इन कर्मचारियों को कई बार रात में भी कार्यालय में बैठकर बकाया काम निपटाना पड़ रहा है।

इनका कहना...

अमले की कमी तो है लेकिन सफाई के लिए जरूरत अनुसार कर्मचारी अनुबंध और आउटसोर्सिंग पर रखे गए हैं। नालों पर अतिक्रमण के कारण सफाई ठीक से नहीं होती है इससे कर्मचारियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। अतिक्रमण वालों को नोटिस दिए जा चुके हैं।

सत्यभानु जाटव
हेल्थ ऑफिसर नपा श्योपुर

दीपावली आते ही क्यों जागता है प्रशासन?

त्योहार पर ही दिखती है छापेमारी साल भर मिलावटखोरों की मौज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

दीपावली जैसा बड़ा त्योहार आते ही प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग को अचानक मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थों की याद आ जाती है। पूरे साल शहर में धड़ल्ले से बिकने वाली मिलावटी मिठाइयां, दूषित मावा और सिंथेटिक दूध से प्रशासन आंखें मूंदे रहता है, लेकिन त्योहार से 2 दिन पहले इंस्पेक्टरों की फौज दुकानों पर चेकिंग के नाम पर खानापूर्ति करने पहुंच जाती है।

इन दिनों खाद्य विभाग के इंस्पेक्टर और प्रशासन की संयुक्त टीम मिठाई की दुकानों पर जाकर सैंपल ले रही है। इस कार्रवाई के बाद शहर के लोगों में एक ही चर्चा है कि जब मिलावट पूरे साल होती है तो चेकिंग पूरे साल क्यों नहीं होती?। स्थानीय लोगों का कहना है कि श्योपुर में साल भर कई नामी-गिरामी दुकानों पर घटिया और मिलावटी मिठाइयां बिकती हैं। मावे में मिलावट, रंग, और खराब तेल से बनी मिठाइयों से लोगों की सेहत खराब हो रही है, अस्पतालों में मरीज बढ़ रहे हैं। लेकिन तब खाद्य विभाग कभी दुकानों की तरफ रुख नहीं करता। जनता का आरोप है कि यह चेकिंग सिर्फ कागजों में और अखबारों में फोटो छपवाने तक सीमित है। त्योहार पर 2-4 सैंपल लेकर विभाग अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है और रिपोर्ट महीनों तक लैब में पड़ी रहती है, तब तक मिलावटी माल लोगों के पेट में जा चुका होता है।



वेतन 365 दिन का तो जांच सप्ताह भर की क्यों?

लोगों का कहना है कि जिन अधिकारियों कर्मचारियों खासकर खाद्य इंस्पेक्टर्स को दूषित खाद्य पदार्थ एवं पेय पदार्थ की गुणवत्ता जांचने के लिए ही नियुक्ति की गई है और उसके भारी भरकर अमले को साल भर के पूरे 365 दिन काम करने का वेतन सरकार दे रही है तो फिर जांच सिर्फ सप्ताह भर के क्यों हो रही है?। साल भर में सिर्फ 10-12 दिन जांच कर यह विभाग कौन सी नौकरी कर रहा है समझ से परे है। लोगों ने मांग की है कि अगर प्रशासन वाकई जनता के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है तो यह चेकिंग अभियान केवल दीपावली तक सीमित न रखकर पूरे 12 महीने नियमित रूप से चलाया जाए और मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई हो, सिर्फ सैंपल लेकर खानापूर्ति न की जाए।

3 डेयरियों से लिए मावा, पनीर, घी और दूध के सैंपल

खाद्य सुरक्षा अधिकारी धमेन्द्र जैन ने बताया कि श्योपुर शहर में रविवार को तीन दूध डेयरियों से मावा, पनीर, घी, दूध के कुल 6 सैम्पल लिये गये है, जिनमें जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। उन्होंने बताया कि तिरूपति डेयरी पाली रोड श्योपुर से मावा एवं पनीर के, क्षेत्रपाल डेयरी पाली रोड श्योपुर से मिश्रित दूध एवं देशी घी के तथा भगवती दूध डेयरी पापूजी मोहल्ला श्योपुर से मावा एवं देशी घी के सैम्पल लिये गये है

पराली प्रबंधन में लापरवाही पर 15 आरएईओ का 15-15 दिन का वेतन काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

धान की फसल कटाई पश्चात पराली में आग न लगाये, क्योकि इससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ भूमि की उर्वरता एवं उत्पादकता में कमी होती है। किसान भाई कुछ उपयोगी कृषि यंत्रो जैसे बेलर, रीपर कम बाइंडर, स्ट्रारीपर, सुपर सीडर एवं जीरो टिलेज, सीड ड्रिल के उपयोग से पराली का प्रबंधन कर सकते है। इसके साथ ही पराली प्रबंधन के तहत गठित ग्राम स्तरीय निगरानी समितियों की सक्रियता बढाई जाए।

यह निर्देश कलेक्टर शीला दाहिमा ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पराली प्रबंधन एवं रोकथाम के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने आरएईओ से उनके क्षेत्रवार पराली प्रबंधन पर चर्चा की गई तथा क्षेत्र में उपलब्ध हार्वेस्टरों के संचालन की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पराली प्रबंधन के प्रयासों में कमी तथा लापरवाही पाये जाने पर 15 आरएईओ के 15-15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश उप संचालक कृषि को दिये।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि पराली प्रबंधन के प्रयासों में कमी को बर्दाश्त नही किया जायेंगा, इसलिए सभी फील्ड अमला सतत रूप से फील्ड में रहकर निगरानी करेंगे तथा पराली जलाने की घटनाओं और बगैर एसएमएस के हार्वेस्टर संचालन की जानकारी तत्काल जिला स्तर पर उपलब्ध करायेंगे। पराली जलाने के मामलो में पर्यावरण विभाग के नोटिफिकेशन द्वारा कृषको पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है। जिसके अनुसार 2 एकड से कम रकबे पर 2500 रूपये, 2 से 5 एकड तक रकबे में पराली जलाने पर 5 हजार रूपये तथा 5 एकड से अधिक पर 15 हजार रूपये अर्थदण्ड का प्रावधान है। यदि कोई भी किसान अपने खेत की पराली में आग लगाते है तो उक्त निर्देशो के अनुरूप दण्ड अधिरोपण की कार्रवाई की जायेगी।



तारों पर झूल रही डाल काटने पेड़ पर चढ़े युवक की करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के बड़ौदा रोड स्थित श्मशान घाट पर रविवार को बिजली के तारों पर झूल रही डालियो को काटने के लिए पेड पर चढ़े एक युवक की मौत करंट लगने से हो गई। मृत युवक के परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली पहुंचकर हंगामा किया और एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया।

जानकारी के अनुसार बालापुरा निवासी अमजद खान उनके एक और साथी के साथ श्मशान घाट के भीतर बेतरतीब भी बढ़ रहे पेड़ों की छटाई करने के लिए पहुंचा था। अमजद ने जब शमशान घाट के बाहर बिजली के तारों पर झूल रही पेड़ की एक डाल काटी तो वो कटने के बाद बिजली के तारों में अटक गई जिससे पूरे पेड़ में करंट दौड़ गया और अमजद की पेड़ पर ही मौत हो गई। बाद में बिजली बंद करवाकर शव को रस्सी से बांधकर पेड़ से उतारा गया। इस मामले में परिजनों ने संबंधितों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने अमजद को यह कहकर पेड़ पर चढ़ा दिया कि उन्होंने परमिट लेकर लाइट कटवा दी है। करंट का कोई खतरा नहीं है। इस मामले में पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंपकर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा आज

श्योपुर। भाजपा की लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा सोमवार को दोपहर 12 बजे रामद्वारा मैरिज गार्डन, बड़ौदा रोड, से निकाली जायगी। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने प्रेस नोट जारी कर दी। प्रेस नोट में उल्लेख किया गया है कि लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और लोकतंत्र विरोधी एवं अराजकतावादी शक्तियों के षड्यंत्रों के विरुद्ध जनजागरण के संकल्प के साथ लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा में भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं राष्ट्रहित चिंतकों से शामिल होने की अपील भाजपा जिलाध्यक्ष ने की है।

शहर श्योपुर में चार अलग अलग स्थानों से निकाले पथ संचलन

हम अपनी मूल संस्कृति और सच्चे अध्यात्म की ओर लौटेंगे,तभी धर्म व संस्कृति की रक्षा होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस विजयदशमी पर अपना शताब्दी वर्ष पूरा कर रहा है। जिसका समापन पथ संचलन निकालकर किया जाएगा। इसी क्रम में संघ के द्वारा जिलेभर में पथ संचलन निकाले जा रहे है। रविवार को श्योपुर जिला मुख्यालय पर चार अलग अलग स्थानों पर पथ संचलन निकाले गए। उधर विजयपुर में भी पथ संचलन निकाला गया।

रविवार को शहर के श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर से महाविद्यालयीन विद्यार्थियों का पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन आरंभ होने से पहले आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए विभाग प्रचारक मनु जैन ने कहा कि समाज अपनी संस्कृति से कट जाता है उसका कभी भला नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमें पुनःअपनी मूल संस्कृति व सच्चे अध्यात्म की ओर लौटना होगा, तभी सत्य सनातन वैदिक हिन्दू धर्म व संस्कृति की रक्षा होगी तथा सच्चे ईश्वर की उपासना से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि व मुक्ति की प्राप्ति होगी। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर से पथ संचलन आरंभ हुआ। पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक घोष की थाप पर कदम ताल मिलाते नजर आए। विभिन्न मार्गो से होता हुआ यह पथ संचलन वापस श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर पर आकर सम्पन्न हुआ। इस पथ संचलन के पहले शहर की बाल्मिक बस्ती और कबीर बस्ती में भी पथ संचलन निकाला गया। बाल्मिक बस्ती का पथ संचलन छारबाग से आरंभ हुआ,वहीं कबरी बस्ती का पथ संचलन श्री हजारेश्वर मेला मैदान से आरंभ हुआ। जबकि सायंकालीन समय में विवेकानंद बस्ती का पथ संचलन निकाला गया,जो कॉलेज ग्राउंड से आरंभ हुआ। जो वापस अपने स्थान पर आकर सम्पन्न हुआ। पथ संचलनो का नगर में जगह जगह पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया।



विजयपुर में भी निकाला पथ संचलन

विजयपुर नगर में भी रविवार को आरएसएस के द्वारा पथ संचलन निकाला गया। यह पथ संचलन प्रभु उत्सव वाटिका से आरंभ हुआ, जो विजयपुर नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ बालाजी गार्डन में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। पथ संचलन के दौरान बडी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए।

धूमधाम से मना स्थापना दिवस, निषादराज भवन में किया कार्यक्रम

बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, धर्मगुरु और लोकतंत्र सेनानी समेत उत्कृष्ट कार्य करने वाले भी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस रविवार को जिला पंचायत परिसर स्थित निषादराज भवन में धूमधाम के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान जहां स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई,वहीं धर्मगुरू, लोकतंत्र सेनानी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों सहित विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगो को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत चयनित तीन छात्रों को एक-एक लाख रूपये की पुरस्कार राशि के चैक व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वीर भारत न्यास क्विज अंतर्गत किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व क्विज-2026 के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा, सीईओ जिला पंचायत कार्तिकेय जायसवाल, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, नपाध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जाट एवं अशोक गर्ग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, दिनेश दुबोलिया, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ईश्वर जाट, महामंत्री अभिषेक जागिड सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, तत्पश्चात मध्यप्रदेशगान संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सांदीपनि स्कूल श्योपुर के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का संचालन सुशील दुबे द्वारा किया किया। कार्यक्रम के दौरान कृषि, एनआरएलएम, उद्योग, सामाजिक न्याय आदि विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उपस्थिति जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया।



इन्हें दिए गए पुरस्कार

श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा आयोजित भगवान श्री कृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति अंतर्गत श्योपुर जिले के तीन चयनित विद्यार्थियों समीर चैरसिया शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर निवासी पंडित पाडा श्योपुर, श्याम सारस्वत किड्ज कार्नर स्कूल निवासी अरोंदा तहसील विजयपुर तथा अभिमान गुर्जर शासकीय हाईस्कूल रायपुरा निवासी ग्राम रूपनगर श्योपुर को एक-एक लाख रूपये की पुरस्कार राशि के चैक तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं वीर भारत न्यसा क्विज अंतर्गत किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व क्विज- 2026 के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये, इसके अंतर्गत विपिन रावत को प्रथम पुरस्कार स्वरूप ट्रेक्टर, जगदीश मीणा को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप बुलट मोटरसाइकिल तथा संजय मीणा को तृतीय पुरस्कार के रूप में ई-स्कूटी की चाबिया प्रतिकात्मक रूप से प्रदान की गई।

इन्हे किया गया सम्मानित

स्थापना दिवस कार्यक्रम में धर्मगुरू मंहत कृष्णबिहारी दास, रामदासजी महाराज, लखनदास जी महाराज, बोहरा समाज से शेख कलीमुद्दीन बदरी को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही लोकतंत्र सेनानी रामप्रसाद पारेता तथा सीताराम राठौर को भी शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को आदित्य चैहान (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. उदयभान सिंह चैहान), मंजू मेहता (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रविशेखर मेहता), आलोक चैहान (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. प्रकाशभानू चैहान), जगमोहन भार्गव (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. भोलानाथ भार्गव), विष्णु गोयल (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. चिरोजी लाल गोयल), डॉ सीएम सिंहल (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. केदारनाथ वैश्य) को शॉल एवं श्रीफल भेटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक कैप्टन राजेश सिंह जादौन, सूबेदार सुलख्खन सिंह, नायब सूबेदार रामनाथ आर्य, हवलदार कमलकांत शुक्ला, हवलदार बाबू सिंह बंजारा, हवलदार धर्मेन्द्र सिंह, हवलदार संदीप सिंह, हवलदार श्री मांगीलाल शर्मा, हवलदार श्री तैय्यब अली को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथही औद्योगिक क्षेत्र के जितेद्र मांगल, नितिन गर्ग एवं नवीन जैन तथा सामाजिक संस्थाओं के संचालक शिशुपाल सिंह (वनवासी कल्याण आश्रम), धमेन्द्र शर्मा (प्रेरणा वद्धाश्रम) को भी प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों चीता ह्यूमन रंगोली में सहभागिता करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अन्य सहयोगियों को भी प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गये।

ओवरलोड वाहन और पटाखा साइलेंसर बुलेट पर ट्रैफिक पुलिस ने कसा शिकंजा, लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ओवरलोड माल भरने वाले वाहनो और पटाखा साइलेंसर बुलेट पर ट्रैफिक पुलिस ने शिकंजा कसते हुए उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई कर दी है। यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि वाहन चैकिंग के दौरान 14 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए उनसे 72500 रूपए का जुर्माना वसूला गया है। जिन वाहनों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई है,उनमें 5 वाहन तो ओवर लोड और ओवर हाइट माल भरकर यातायात नियमो का उल्लघंन कर रहे थे। वहीं 6 बुलेट चालक अपनी बुलेट मोटरसाइकिलो में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखे की आवाज निकालकर ध्वनि प्रदूषण फैला रहे थे। इसके साथही एक वाहन बिना बीमा, एक वाहन पर काली फिल्म होने तथा एक यात्री बस पर परमिट शर्तो का उल्लंघन किए जाने पर कार्रवाई की गई है। यातायात टीआई राजपूत ने बताया कि नियम तोडने वाले वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इसलिए वाहन चालक अपने वाहनो को यातायात नियमो का पालन करते हुए संचालित करें।



वनरक्षक से मारपीट के मामले में दो दोषियों को एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

वन विभाग के कर्मचारी के साथ मारपीट एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने के एक मामले में श्योपुर के विशेष न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों चौन्या उर्फ चौनाराम गुर्जर एवं गिरधारी गुर्जर को एक एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं डेढ डेढ हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित कर दिया है।

अभियोजन के अनुसार यह मामला 2 फरवरी 2025 की सुबह ग्राम झरेर स्थित कक्ष क्रमांक आर.एफ. 472, ग्रीन इंडिया मिशन वृक्षारोपण क्षेत्र में तब घटित हुआ,जब वनरक्षक मनोज आदिवासी अपने साथी वनकर्मियों के साथ शासकीय कार्य कर रहे थे। इसी दौरान वृक्षारोपण क्षेत्र में गाय चराने को लेकर विवाद हुआ। आरोप था कि वन अपराध की कार्रवाई किए जाने के बाद आरोपियों ने अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर वनरक्षक के साथ मारपीट की, जिससे उनके शरीर पर चोटें आईं और इस संबंध में बरगवां थाने में मामला दर्ज किया गया था

मरीजों और अस्पताल परिसर की स्वच्छता व पर्यावरण को लेकर उठे सवाल

एक तरफ जिंदगी बचाने की जंग, दूसरी तरफ धधकती चिताएं! मेडिकल कॉलेज के सामने उठता धुआं

मुख्य द्वार से महज 100 मीटर दूर वर्षों से हो रहा अंतिम संस्का, जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल



रशीद खान ▶▶ शिवपुरी

एक तरफ वेंटिलेटर और ऑक्सीजन पर जिंदगी और मौत के बीच झूलते मासूम मरीज, तो दूसरी तरफ अस्पताल के मुख्य द्वार से महज 100 मीटर की दूरी पर जलती चिताएं। यह भयानक मंजर है करोड़ों रुपये की लागत से बने शिवपुरी मेडिकल कॉलेज का, जहां एक ओर डॉक्टर मरीज की हर एक सांस बचाने के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पास ही जलती चिताओं से उठता जहरीला धुआं सीधे अस्पताल के वार्डों और परिसर में दम घुटाने का काम कर रहा है। व्यवस्था के मुंह पर तमाचा मारती यह तस्वीर सवाल पूछ रही है कि क्या जिम्मेदारों की संवेदनाएं पूरी तरह मर चुकी हैं?

गर्भवती महिलाओं पर मंडराया दोहरी आफत का साया



सबसे भयावह और चिंताजनक स्थिति मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने आ रही गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की है। अस्पताल के प्रवेश द्वार पर कदम रखते ही हवा में घुलती राख, चिताओं की भीषण दुर्गंध और जलती लकड़ियों का धुआं गर्भवती महिलाओं का दम घोंट रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक, इस माहौल से उठने वाला कार्बन युक्त धुआं और मानसिक तनाव, पेट में पल रहे बच्चे और मां दोनों की सेहत के लिए बेहद घातक साबित हो रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार आंखें मूंदे तमाशा देख रहे हैं।

वर्षों पुरानी परंपरा बनी मरीजों के लिए 'ज़हर'

मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने स्थित नोहरी-बछोरा क्षेत्र के निवासी वर्षों से अपने परिजनों का दाह संस्कार इसी खुले स्थान पर करते आ रहे हैं। आए दिन यहां कतार से जलती चिताएं दिखाई देती हैं। कोरोना काल की भयावहता झेल चुके इस मेडिकल कॉलेज में आज भी वही खौफनाक मंजर रोज दोहराया जा रहा है। मरीज और उनके तीमारदार दिन-रात इसी धुएं और खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं।

अधिकारियों की गाड़ियों के सायरन गूंजे, लेकिन संवेदनाएं सोईं

हैरानी की बात यह है कि इस मार्ग से रोजाना जिले के आला प्रशासनिक अधिकारियों, नेताओं और जनप्रतिनिधियों का काफिला सायरन बजाते हुए गुजरता है। मेडिकल कॉलेज के गेट के ठीक सामने उठते इस धुएं पर सबकी नजर पड़ती है, लेकिन विडंबना देखिए कि आज तक किसी भी जिम्मेदार ने इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान निकालने की जहमत नहीं उठाई।

सुलगते सवाल, जवाब कब देगा प्रशासन?

क्या अस्पताल परिसर के 100 मीटर के दायरे में इस तरह का प्रदूषण स्वास्थ्य मानकों का सीधा उल्लंघन नहीं है? गर्भवती महिलाओं, गंभीर मरीजों और नवजात शिशुओं को इस जहरीले धुएं से बचाने के लिए प्रशासन के पास क्या योजना है? स्थानीय निवासियों के लिए एक व्यवस्थित और सर्वसुविधायुक्त श्मशान घाट का निर्माण कर इस परंपरा को सुरक्षित जगह पर स्थानांतरित क्यों नहीं किया जा रहा? यह सिर्फ पर्यावरण या स्वच्छता का मामला नहीं, बल्कि सैकड़ों मरीजों के जीने के अधिकार से जुड़ा मुद्दा है। अब देखना यह है कि इस धमाकेदार खुलासे के बाद जिला प्रशासन और मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की नींद टूटती है या फिर जिंदगी बचाने की इस जंग पर यूं ही चिताओं का धुआं भारी पड़ता रहेगा।

इनका कहना है...



मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है। मैं इसे दिखवाता हूं। अगर वहां प्रदूषण फेल रहा है तो इसका स्थाई समाधान जल्द करा दिया जाएगा।

अर्पित वर्मा, कलेक्टर शिवपुरी



यह हमारे केम्पस के बाहर है हमने कई बार इसकी शिकायत जिला प्रशासन को कर दी है। आपके द्वारा बताया गया है हम इस संबंध में कलेक्टर साहब से बात करते हैं।

ईला गुजरिया, डीन मेडिकल कॉलेज

भैंसों को बचाने के प्रयास में ट्रेन की चपेट में आया किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के लुकवासा चौकी क्षेत्र में शनिवार शाम एक दर्दनाक रेल हादसे में किसान की जान चली गई। कुल्हाड़ी गांव के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय बीना पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से किसान पहलवान सिंह यादव की मौत हो गई। इस हादसे में उसकी पांच भैंसों की भी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, कुल्हाड़ी गांव निवासी पहलवान सिंह यादव शनिवार शाम अपनी नौ भैंसों को चराकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान भैंसों के साथ रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक बीना पैसेंजर ट्रेन आ गई। बताया जा रहा है कि ट्रेन को सामने आता देख पहलवान सिंह ने अपनी भैंसों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन इसी कोशिश में वह खुद ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा इतना गंभीर था कि पहलवान सिंह और पांच भैंसों की जान चली गई।



परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। गंभीर हालत में पहलवान सिंह को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में पांच भैंसों की मौत से परिवार को दोहरा नुकसान हुआ है। बताया गया है कि हादसे के बाद परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

एक ही हादसे में परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

पहलवान सिंह यादव की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। पशुपालन के सहारे परिवार का जीवनयापन करने वाले किसान के लिए पांच भैंसों की मौत भी बड़ा आर्थिक नुकसान है। एक पल में हुए इस हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं। घटना के बाद क्षेत्र में भी शोक का माहौल है।

रात 12 बजे शहर से निकला 80 चक्का ट्रेलर, 10 दिन में मुंबई से पहुंचा बीना

बीना। शनिवार रात 12 बजे शहर से 80 चक्का वाला ट्रेलर निकला, जो सर्वोदय चौराहे से होकर गांधी चौराहा, महावीर चौक, ओवर ब्रिज होते हुए कुरवाई रोड की ओर रवाना हुआ। ट्रेलर पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि ट्रेलर पर बॉउलर रखा हुआ है, जो मुंबई से रिफाइनरी जा रहा है। मुंबई से बीना तक पहुंचने में करीब 10 दिन का समय लगा है।



नवोदय विद्यालय संगठन की टीम को हराकर हासिल की सफलता

राष्ट्रीय शालेय हैंडबॉल चैंपियनशिप में सरस्वती विद्यापीठ की टीम ने जीता कांस्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

उमरिया में आयोजित 70वीं राष्ट्रीय शालेय हैंडबॉल चैंपियनशिप में सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय, शिवपुरी की अंडर-14 हैंडबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। विद्या भारती का प्रतिनिधित्व कर रही टीम ने देशभर की 38 टीमों के बीच कड़े मुकाबले में नवोदय विद्यालय संगठन की टीम को पराजित कर यह उपलब्धि हासिल की। स्वागत समारोह में विद्यालय प्रबंधक पवन शर्मा, सह प्रबंधक जितेंद्र परसाई, प्राचार्य लोकेंद्र सिंह मेवाड़ा, सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी महेंद्र सिंह तोमर, जिला खेल अधिकारी के.के. खरे, चंद्रशेखर वेमटे, हैंडबॉल के राष्ट्रीय रेफरी यादवेंद्र सिंह चौधरी एवं शिवपुरी ब्लॉक खेल संयोजक विवेक वर्धन शर्मा सहित खेल विभाग के अधिकारी, प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

अतिथियों ने खिलाड़ियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके प्रशिक्षक शिवनाथ सिंह बैस (छोटू कोच साहब) के समर्पण और मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में खेलों के लिए अनुकूल वातावरण, बेहतर प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

इस अवसर पर विद्या भारती के शिवपुरी विभाग खेल संयोजक लोकेंद्र सिंह कौरव एवं विद्यालय के खेल आचार्य रोशन पाठक सहित जिला शिक्षा विभाग और विद्या भारती के पदाधिकारियों ने भी खिलाड़ियों का सम्मान किया। विद्यालय प्रबंधक पवन शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक हासिल करना पूरे विद्यालय परिवार और शिवपुरी के लिए गौरव का विषय है। यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का परिणाम है। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय भविष्य में भी खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षक एवं टीम मैनेजर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अटरूनी रेलवे क्रॉसिंग पर हादसा

मालगाड़ी की चपेट में आने से 70 वर्षीय महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के लुकवासा चौकी क्षेत्र अंतर्गत अटरूनी गांव की रेलवे क्रॉसिंग के पास रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 70 वर्षीय महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही लुकवासा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान लुकवासा कस्बे की निवासी मनको बाई सेन, पत्नी बाबूलाल सेन के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, शनिवार रात परिवार के साथ



भोजन करने के बाद मनको बाई सो गई थीं, लेकिन देर रात वह बिना किसी को बताए घर से निकल गईं। रविवार सुबह करीब 4 बजे अटरूनी गांव के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय वह मालगाड़ी की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

रास्ते के विवाद में पड़ोसियों के बीच मारपीट, दोनों पक्षों ने शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के नरवर थाना क्षेत्र के सिकंदपुर में रास्ते से निकलने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। एक पक्ष के 50 वर्षीय अशोक वंशकार ने तीन पड़ोसियों पर डंडे और लात-घूंसों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। हमले में अशोक की दाहिनी आंख के ऊपर, पीठ और पसली में चोट आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में वार्ड क्रमांक 15 सिकंदपुर निवासी अशोक वंशकार ने बताया कि 31 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे वह अपने घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान पड़ोसी सोनू वंशकार, सुरेंद्र वंशकार और कालू वंशकार वहां पहुंचे। अशोक ने उनसे रास्ता देने की बात कही, जिस पर तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सुरेंद्र ने डंडे से हमला कर दिया। डंडा अशोक की दाहिनी आंख के ऊपर लगा, जिससे खून निकलने लगा। इसके बाद सोनू ने उनकी बाईं पसली पर डंडे से वार किया, जबकि कालू ने जमीन पर पटककर लात-घूंसों से मारपीट की।



रास्ते पर कब्जे का लगाया आरोप

अशोक वंशकार ने आरोप लगाया कि पड़ोसियों ने रास्ते पर कब्जा कर रखा है। इसी रास्ते से निकलने की बात कहने पर उनके साथ मारपीट की गई। वहीं, मामले में दूसरे पक्ष की ओर से भी पुलिस को शिकायत दी गई है।

कड़ौरा लोधी गांव के खेत में चल रहा था जुए का फड़, ताश की गड्डी भी

दिनारा पुलिस ने जुआ खेलते 6 लोगों को पकड़ा, 25,400 रुपये किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले में जुआ-सट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनारा थाना पुलिस ने ग्राम कड़ौरा लोधी के हार में दबिश देकर जुआ खेल रहे छह लोगों को रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25 हजार 400 रुपये नकद और ताश की 52 पत्तों की एक गड्डी जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार, थाना प्रभारी अरविंद छारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कड़ौरा लोधी के हार में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और जुआ खेलते हुए छह लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में गोरेलाल यादव (35) निवासी सेमरा, हरिओम विश्वकर्मा (35) निवासी टोडा, हरिमोहन यादव (40) निवासी सेमरा, भगवत यादव (35) निवासी बगरौदा, अंकित लोधी (24) और संजीव लोधी (29) निवासी कड़ौरा लोधी शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 25,400 रुपये नकद एवं ताश की एक गड्डी जब्त कर थाना दिनारा में धारा 13 जुआ एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है।

दो साल से फरार स्थाई वारंटी आकाश धाकड़ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

फिजिकल थाना पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में करीब दो साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी आकाश धाकड़ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवपुरी रूपम तोमर के न्यायालय में प्रकरण 125/2020, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) के तहत मामला विचाराधीन था।



शिवपुरी मेडिकल कॉलेज को मिलेगी विशेषज्ञ सेवाओं की सौगात

डॉ. सुनील तोमर ने हासिल की एमडी बायोकेमिस्ट्री की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ. सुनील तोमर ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों के बल पर चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। शनिवार को घोषित परीक्षा परिणाम में उन्होंने एमडी (बायोकेमिस्ट्री) की डिग्री प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों, परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। शिवपुरी मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग के अंतर्गत संचालित बायोकेमिस्ट्री विंग में लंबे समय से विशेषज्ञ चिकित्सक की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ऐसे में डॉ. सुनील तोमर द्वारा एमडी बायोकेमिस्ट्री की उपाधि हासिल करना संस्थान के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनकी विशेषज्ञता से विभागीय कार्यप्रणाली को मजबूती मिलेगी। साथ ही मरीजों को विभिन्न प्रकार की जटिल पैथोलॉजिकल जांचों और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ अधिक प्रभावी एवं सटीक तरीके से मिल सकेगा।



चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध

डॉ. सुनील तोमर अपनी कार्यकुशलता, मिलनसार व्यवहार और चिकित्सा के प्रति समर्पण के लिए पहचाने जाते हैं। वे चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रयासरत रहे हैं। उनकी यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि शिवपुरी मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम है।

मानस भवन में जिला स्तरीय समारोह आयोजित, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने किया सम्मानित

मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस पर मेधावी छात्रा पूनम साहू को मिली एक लाख की छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को शहर के गांधी पार्क स्थित मानस भवन में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में जहां प्रदेश की विकास यात्रा और उपलब्धियों को रेखांकित किया गया, वहीं मेधावी छात्रा पूनम साहू को एक लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाली छात्राओं को 5-5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन, राष्ट्रगीत और मध्यप्रदेश गान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 1956 में मध्यप्रदेश के गठन के बाद से प्रदेश ने विकास के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व



में औद्योगिक विकास को गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं। शिवपुरी में भी बड़े उद्योगों की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से जिले में औद्योगिक विकास की नई संभावनाएं बनी हैं। समारोह का विशेष आकर्षण खनियाधाना तहसील के ग्राम खिरकिट निवासी मेधावी छात्रा पूनम साहू का सम्मान रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर संचालित भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ष 2026 के लिए पूनम साहू का चयन किया गया है। मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने उन्हें एक लाख रुपये की छात्रवृत्ति का प्रमाण पत्र प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, छात्राओं को मिलेंगे पांच-पांच हजार

समारोह में शहर के विभिन्न शासकीय विद्यालयों की छात्राओं ने मध्यप्रदेश की संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रप्रेम पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने 'मरो प्यारो मध्यप्रदेश' गीत पर प्रस्तुति दी, जबकि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सदर बाजार की छात्राओं ने 'सौगंध मुझे इस मिट्टी की, मैं देश नहीं झुकने दूंगा' और शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 की छात्राओं ने 'ऐसा देश नहीं अन्यत्र है' गीत पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं। छात्राओं की प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने तीनों विद्यालयों की प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को 5-5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।